# ABM COLLEGE, JAMSHEDPUR
## SUBJECT : HINDI (CORE)
### INTERMEDIATE (XI) INTERNAL EXAM, 2020

**Full Marks : 50** **Time : 1½ hrs.**

**(खण्ड–क)**

✱ निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 1 से 5 के उत्तर दीजिए।

साहित्य का आधार जीवन है। इसी नींव पर साहित्य की दीवार खड़ी होती है। उसकी अटारियाँ मीनार और गुम्बद बनते हैं, लेकिन बुनियादें मिट्टी के नीचे दबी पड़ी रहती है। उन्हें देखने को भी जी नहीं चाहेगा। जीवन परमात्मा की सृष्टि है, इसलिए अनन्त है, अबोध है, अगम्य है। साहित्य मनुष्य की सृष्टि है, इसलिए सुबोध है, सुगम है और मर्यादाओं से परिमित हैं। जीवन परमात्मा को अपने कार्यों का जवाबदेह है या नहीं, हमें मालूम नहीं, लेकिन साहित्य तो मनुष्य के सामने जवाबदेह है। इसके लिए कानून है जिसके इधर–उधर वह नहीं हो सकता, लेकिन जीवन का उद्देश्य ही आनन्द है। मनुष्य जीवन पर्यन्त आनन्द की खोज में रहता है।

किसीको वह रत्नद्रव्य में मिलता है, किसीको भरे–पूरे परिवार में किसी को लम्बे–चौड़े भवन में, किसीको ऐश्वर्य में लेकिन साहित्य का आनन्द इस आनन्द से ऊँचा है। इससे पवित्र है, उसका आधार सुन्दर और सत्य है। वास्तव में सच्चा आनन्द सुन्दर और सत्य से मिलता है। उसी आनन्द को दर्शाना, वही आनन्द उत्पन्न करना साहित्य का उद्देश्य है। ऐश्वर्य या भोग के आनन्द में ग्लानि छिपी होती है। उसमें अरूचि भी हो सकती है, पश्चाताप भी हो सकता है, पर सुन्दर से जो आनन्द प्राप्त होता है, वह अखण्ड है, अमर है।

1) साहित्य की दीवार किसकी नींव पर खड़ी होती है ?
a) प्राकृति b) जीवन c) अध्यात्म d) संस्कृति

2) जीवन अगम्य है क्योंकि वह –
a) साहित्य का आधार है b) परमात्मा की सृष्टि है
c) अबोध है d) अनन्त है

3) साहित्य का आनन्द किस कारण अखण्ड हैं ?
a) वह जीवन पर आधरित है b) वह ऐश्वर्य प्राप्ति में सहायक है
c) वह सुन्दर तथा सत्य पर आधारित है d) वह जीवन के उद्देश्य की पूर्ति करता है

4) ऐश्वर्य या भोग के आनन्द में छिपी होती है :
a) लज्जा b) ग्लानि c) साधना d) वासना

5) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है :
a) साहित्य का उद्देश्य b) जीवन का साहित्य
c) साहित्य का आनन्द d) साहित्य और आनन्द

✱ निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 6 से 8 का उत्तर दीजिए –

''चंपा कहती है : तुम कागद की गोदा करते हो दिनभर क्या यह काम बहुत अच्छा है
यहाँ सुनकर मैं हँस देता हूँ, फिर चंपा चुप हो जाती है।''

6) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि कौन है ?
a) रामनरेश त्रिपाठी b) त्रिलोचन
c) भवानी प्रसाद मिश्र d) सुमित्रानंद पंत

7) 'तुम कागद की गोदा करते हो दिनभर' से चंपा का क्या आशय है ?
a) कागज में छेद करना b) छपा हुआ पढ़ना
c) कागज पर लिखना d) कागज गोदना

8) 'क्या यह काम बहुत अच्छा है' चंपा की यह बात सुनकर कवि क्यों हँस देता है ?
a) व्यर्थ के प्रश्न पर b) चंपा के व्यंग्य पर
c) चंपा की नादानी पर d) अच्छे प्रश्न पर

## (खण्ड–ख)

9) निबंध का अंतिम भाग कहलाता है :
a) भूमिका b) प्रस्तावना c) विषय विस्तार d) निष्कर्ष

10) निबंध ............ साहित्य की एक विधा है।
a) अंग्रजी b) हिन्दी c) दोनो d) इनमें से कोई नहीं

11) विचारों के आदान–प्रदान की इनमें से सबसे प्राचीन शैली कौन–सी है ?
a) इन्टरनेट b) फैक्स c) टेलीफोन d) पत्राचार

12) आवेदन–पत्र के अंतिम भाग में क्या लिखा जाना चाहिए ?
a) आपका आज्ञाकारी b) आपका
c) प्रार्थी d) कोई संबोधन नहीं

13) कार्यालयी पत्र ................ का ही एक रूप है।
a) रिपोर्ट b) औपचारिक c) अनौपचारिक d) आलेख

14) अपने सगे–संबधियों, मित्रों, रिश्तेदारों आदि को लिखे जाने वाले पत्र को क्या कहते हैं ?
a) औपचारिक पत्र b) अनौपचारिक पत्र
c) सरकारी पत्र d) इनमें से कोई नहीं

15) जनसंचार का प्रमुख उद्देश्य क्या है ?
a) सूचनाओं को परस्पर बाँटना b) विचारों की अभिव्यक्ति
c) जिज्ञासाओं का समाधान d) ये सभी

16) पत्रकारिता का मूल तत्व क्या है ?
a) कल्पना b) संस्मरण c) जिज्ञासा d) नीति

17) रिपोर्ट का अर्थ है –
a) घटना का ठीक–ठीक सूचना b) घटना के पूर्व का निर्देश
c) घटना के पश्चात् की कार्यवाही d) घटना के कारण का विश्लेषण

18) आलेख .................. का ही एक रूप है ?
a) निबंध b) उपन्यास c) नाटक d) एकांकी

19) फीचर में तथ्यों की प्रस्तुती का ...................... होता है :
a) नीरस b) व्यापक c) मनोरंजक d) संकुचित

20) 'प्रतिवेदन' शब्द अंग्रेजी के किस शब्द का हिन्दी रूपान्तरण है ?
a) न्यूज b) फीचर c) रिपोर्ट d) एडीटिंग

## (खण्ड–ग)

* निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्न संख्या 21 से 23 के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए :

"पग घुघरू बांध मीरां नाची,
मैं तो मेरे नारायण सूं आही हो गई साची लोग कहै, मीरां भइ बांवरी, न्यात कहै कुल नासी।
विस का प्याला राणा भेज्या, पीवत मीरां हाँसी, मीरां के प्रभु गिरधर नागर, सहज मिले अविनासी।

21) प्रस्तुत काव्यांश के रचियता कौन है ?
a) मीरा बाई b) महादेवी वर्मा
c) सुभद्रा कुमार चौहान d) अक्क महादेवी

22) 'विष का प्याला' किसके द्वारा भेजा गया ?

a) नारायण द्वारा  b) राणा द्वारा
c) गिरधर द्वारा  d) नागर द्वारा

23) मीरा के प्रभु कौन हैं ?

a) राम  b) शिव  c) विष्णु  d) कृष्ण

24) 'आओ मिलकर बचाएँ' कविता मूलरूप से किस भाषा में लिखी गई हैं ?

a) नागपुरी  b) संथाली  c) खोरठा  d) हिन्दी

25) चंपा किसकी बेटी है ?

a) सुंदर की  b) सुदर्शन की
c) सुदामा की  d) सुभद्र की

26) 'वे आँखे' किसकी रचना है ?

a) सुमित्रानंदन पंत  b) जयशंकर प्रसाद
c) महादेवी वर्मा  d) सूर्यकान्त त्रिपाठी

27) मीरा के गुरू कौन माने जाते हैं ?

a) वल्लभाचार्य  b) संत रैदास
c) संत कबीर  d) संत हरिदास

28) 'घर की याद' कविता में कवि ने किसे संदेशवाहक बनाया है ?

a) पवन  b) मेघ  c) सावन  d) कबूतर

29) 'सबसे खतरनाक' कविता के अनुसार क्या बुरा तो है, पर सबसे खतरनाक नहीं .........

a) बैठे बिठाए पकड़े जाना  b) सही होते हुए भी दब जाना
c) किसी जुगनू की लौ में पढ़ना  d) ये सभी

30) 'पथिक' कविता के रचनाकार कौन हैं ?

a) रामनरेश त्रिपाठी  b) त्रिलोचन
c) अवतार सिंह पाश  d) भवानी प्रसाद मिश्र

31) सुमित्रानंदन पंत कौन–सी वाद की कवि मानी जाती है –

a) धायावाद  b) प्रयोगवाद
c) प्रगतिवाद  d) इनमें से कोई नहीं

* निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 32 से 34 में पूछे गए प्रश्नों के विकल्प का चयन कीजिए –

बिछड़न समय बड़ा करूणोत्पादक होता है। आपको बिछड़ते देखकर आज हृदय में बड़ा दुख है। माई लार्ड, आपके दूसरी बार इस देश में आने से भारतवासी किसी प्रकार प्रसन्न न थे। वे यही चाहते थे कि आप फिर न आयें। पर आप आए और उससे यहाँ के लोग बहुत ही दुखित हुए। वे दिन–रात यहीं मनाते थे कि जल्द श्रीमान् यहाँ से पधारें। पर अहो, आज आपके जाने पर हर्ष की जगह विषाद होता है। इसी से जाना कि बिछड़न समय बड़ा करूणोत्पादक होता है।

32) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

a) विदाई संभाषण  b) गलता लोहा
c) अपू के साथ ढाई साल  d) स्पीति में बारिश

33) यहाँ 'माई लॉर्ड' किसके लिए प्रयुक्त किया गया है ?

a) लार्ड कार्नवालिस  b) लार्ड कर्जन
c) लार्ड मिंटो  d) लार्ड माउंटबेटन

34) बिछड़न समय करूणोत्पादक होता है क्योंकि –

a) बिछड़ने से दुख होता है  b) बिछड़ने से सुख मिलता है
c) बिछड़ने से कलह होता है  d) बिछड़ने से शांति मिलती है

35) प्रेमचंद्र का जन्म कब हुआ ?
a) 1860 b) 1870 c) 1880 d) 1890

36) 'जामुन के पेड़ से दवा' कवि किस उपनाम से शोभित था ?
a) प्रेमी b) ओज c) ओस d) विकल

37) 'नमक का दरोगा' कहानी का नायक कौन है ?
a) मुंशी वंशीधर b) पंडित अलोपीदीन
c) बदलू सिंह d) इनमें से कोई नहीं

38) मियाँ नसीरुद्दीन कितने किस्म की रोटियाँ बनाने के लिए मशहूर थे ?
a) छप्पन b) चौबीस c) तीस d) चालीस

39) 'पथेर पांचाली' फिल्म के निर्माण में सबसे बड़ी समस्या क्या थी ?
a) उचित स्थान का अभाव b) वादों का अभाव
c) समय का अभाव d) धन का अभाव

40) 'जामुन का पेड़ फलदार है' यह कहकर कृषि विभाग ने फाइल किस विभाग में भेज दी ?
a) हॉटीकल्चर b) मेडिकल
c) कल्चरल d) परिवहन

41) 'भारत माता' पाठ मूलतः किस भाषा में लिखा गया ?
a) उर्दू b) अंग्रेजी c) बांग्ला d) मैथिली

42) 'भारत माता' के लेखक को क्या अजीज हैं ?
a) नदी और पहाड़ b) जंगल c) खेत d) ये सभी

43) 'आत्मा का ताप' के लेखक कौन है ?
a) कृष्णा सोबती b) सैयद हैदर रजा
c) जवाहरलाल नेहरू d) बाल मुकुन्द गुप्त

44) मीरा की कविता में किसकी गंभीर अभिव्यंजना है ?
a) पीड़ा b) प्रेम की c) करूणा की d) भाव की

45) राजस्थान में वर्षा की मात्रा नापने में 'इंच' या 'सेंटीमीटर' के स्थान पर किस शब्द का प्रयोग होता है ?
a) रेजाणी b) रेजा c) राजा d) रोजा

46) लता मंगेशकर के पिता का नाम क्या है ?
a) रामनाथ मंगेशकर b) सोमनाथ मंगेशकर
c) दिलीप मंगेशकर d) दीनानाथ मंगेशकर

47) 'आलो–आँधारि' मूलतः किस भाषा की रचना है ?
a) उड़िया b) मैथिली c) कन्नड़ d) बांग्ला

48) किसान की धरनी (पत्नी) किसके अभाव में मर गई ?
a) भोजन b) पुत्र c) दवा d) इन सभी के

49) नेहरू के अनुसार 'भारत माता की जय' क्या थी?
a) भारत के लोग b) धरती माता
c) महिलाएँ d) इनमें से कोई नहीं

50) संथाली भाषा किस राज्य में बोली जाती है ?
a) झारखण्ड b) उत्तराखण्ड c) उड़िसा d) पश्चिम बंगाल